-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 13.10.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा रामेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज ग्राम पचनेही में छात्राओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों एवं सहायता सेवाओं के बारे में दी गई जानकारी।**

विवरण- महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 13.10.2024 को थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पचनेही स्थित रामेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज में छात्राओं से संवाद कर शासन की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान उनकी सुरक्षा के विभिन्न संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों जैसे- लैंगिक उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के साथ-साथ विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- मुख्यमंत्री हेल्पलाइ 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, चाइल्ड केयर लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन 181 आदि के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।